सीएसआईआर - केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राजस्थान) 333 031

सं. 35/12/2020-राभा	दिनांक : 15.10.2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय : 9वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में सीएसआईआर-सीरी में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर एवं औषधि वितरण कार्यक्रम का आयोजन।

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशानुसार देशभर में 9वें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक **30 सितंबर, 2024 से 29 अक्टूबर 2024** की अवधि को **राष्ट्रीय आयुर्वेद उत्सव** के रूप में मनाया जा रहा है। यह उत्सव **'जन भागीदारी, जन संदेश तथा जन आंदोलन'** के रूप में मनाया जा रहा है। आयुष मंत्रालय द्वारा इस वर्ष की थीम **'वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार'** रखी गई है। आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार के लिए इस अवधि के दौरान केंद्र सरकार के कार्यालयों में आयुर्वेद पर विभिन्न कार्यक्रम/गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इन कार्यक्रमों की शृंखला में सीएसआईआर की प्रयोगशालाएँ भी अलग-अलग तिथियों में विभिन्न कार्यक्रमों/गतिविधियों का आयोजन कर रही हैं।

तदनुसार निदेशक, सीएसआईआर-सीरी के अनुमोदन एवं **राजस्थान आयुर्वेद विभाग, झुंझुनूं** के सौजन्य से सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में **नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर** का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ आयुर्वेद चिकित्सक **डॉ. रमेश कुमार शर्मा**, उपनिदेशक, राजस्थान आयुर्वेद विभाग, झुंझुनूं एवं **डॉ. जगदीश चौधरी,** प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय, पिलानी अपनी टीम के साथ चिकित्सा शिविर में अपनी सेवाएँ देंगे। आयोजन का विवरण निम्नवत है :

आयुर्वेद चिकित्सा शिविर एवं औषधि वितरण
स्थान : गाँधी हॉल (कॉलोनी परिसर)
दिनांक : 19 अक्टूबर, 2024 (शनिवार)
समय : प्रात: 10.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक

सभी सहकर्मी, कॉलोनीवासी एवं उनके परिजन आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में सादर आमंत्रित हैं। कृपया समय पर गाँधी हॉल पहुँच कर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ उठाएँ।

जय शंकर 15/10/2024

(जय शंकर शरण)
प्रशासन नियंत्रक

प्रतिलिपि - उपनिदेशक, राजस्थान आयुर्वेद विभाग, झुंझुनूं (राजस्थान)

प्रतिलिपि (सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु) :

1. निदेशक कार्यालय
2. प्रमुख, पीएमई - सूचना, आवश्यक सहयोग एवं ऑडियो सिस्टम कर व्यवस्था के लिए
3. सभी विभागाध्यक्ष/समूह प्रमुख
4. डॉ दिनेश गुप्ता, आवासीय चिकित्सा अधिकारी - सूचना एवं गाँधी हॉल में चिकित्सा शिविर के लिए आवश्यक व्यवस्था एवं सहयोग हेतु।
5. डॉ रमेश पी. जाजू, आयुर्वेद चिकित्सक(अंशकालिक) - आवश्यक सहयोग हेतु
6. प्रभारी, एआईटीजी/एन एम सी - वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।
7. अध्यक्ष/सचिव, सीरी कैफेटेरिया - शिविर में चाय एवं अतिथि गृह में चिकित्सा टीम के लिए लंच की व्यवस्था हेतु।
8. श्री किशन लाल - गाँधी हॉल में स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्था के लिए।
9. श्री विकास/श्री किशन - पी ए सिस्टम पर उद्घोषणा के लिए
10. सुरक्षा सुपरवाइजर - आवश्यक व्यवस्था हेतु।
11. सूचना पट्ट